53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.8°c
अधिकतम 35.9°c

**अमृतवाणी**
जीना है तो सचमुच अच्छे बनकर जियो, दिखावे के लिए तो हर कोई जीता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा है : केशव प्रसाद मौर्य



हसीन सपनों में तो कोई भी खो सकता है.......

सूर्योदय - 5:21, सूर्यास्त - 7:10 | वर्ष : 53/ अंक : 143 | रविवार, 25 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4




hello Summer
STAY COOL WITH LINEN
THE Raymond SHOP

92 B, Gaushala Road, New Mandi, Muzaffarnagar ✆9997365500




82B - Vakil Road, New Mandi, Muzaffarnagar - 251001
9311881390, 01313501425

7 Days Open
Shop online at www.manyavar.com • Call : 1800 120 000 500 (Toll Free) • Email : care@vedantfashions.com

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 143 | रविवार, 25 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्णा पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये



## देश में पैर पसार रहा कोरोना, ठाणे-बेंगलुरु में एक-एक मरीज की मौत


**नई दिल्ली, 24 मई (एजेंसी)।** देश में कोरोना एक बार फिर अपने पैर पसार रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे और बेंगलुरु में एक-एक कोरोना मरीज की मौत हो गई। 24 मई तक, ठाणे में कुल 18 सक्रिय कोविड-19 मरीज हैं। उनमें से केवल एक का अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि अन्य घर पर ही आइसोलेशन में हैं। सभी की हालत स्थिर बताई गई है। ठाणे नगर निगम की विज्ञप्ति में कहा गया है कि गंभीर मधुमेह से पीड़ित 21 वर्षीय व्यक्ति कोरोना मरीज की सुबह कलवा में टीएमसी के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में मृत्यु हो गई। वहीं, बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की कोरोना के कारण मौत हो गई। कोरोना वायरस का नया जेएन.1 वैरिएंट कितना गंभीर है, इसका पता लगाया जा रहा है। केरल में 273, कर्नाटक में 35 और अकेले बेंगलुरु में 32, दिल्ली में 23 नए मामले दर्ज किए गए, हैदराबाद और नोएडा में एक-एक मामला दर्ज किया गया दक्षिण-पूर्व एशिया में भी कोविड-19 के मामले बढ़े हैं। हांगकांग, थाईलैंड, सिंगापुर और चीन में हाल ही में कोरोनावायरस के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।



# न उम्र की शर्म, न प्रोफेसर होने का लिहाज, छात्रा से करता था तीन साल से अश्लील बात


**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** कुछ लोगों को न उम्र की शर्म होती और न ही अपने ओहदे का लिहाज। सरकुलर रोड स्थित छोटूराम पीजी कॉलेज को एक प्रोफेसर की करतूत ने दागदार कर दिया।

दरअसल कॉलेज में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा ने पिछले काफी समय से कॉलेज आना छोड़ रखा था। दरअसल कॉलेज का ही प्रोफेसर दुष्यंत कुमार उसे कई दिनों से फोन कॉल करके विभिन्न प्रकार की बातों में उलझाकर छात्रा के साथ बदतमीजी कर रहा था और छात्रा पिछले दो वर्ष से सिर्फ यह सोचकर जहर का घूंट पी रही थी कि वह यह बात किसी को बताएगी तो खुद उसकी ही बदनामी होगी। मगर इसी बात का फायदा उठाकर प्रोफेसर के दिमाग की गंदगी बढ़ती चली गयी और प्रोफेसर छात्रा से अमर्यादित बातें करने लगा। लगभग छह दिन पहले परेशान होकर छात्रा ने 1090 पर कॉल करके इस बात की सूचना पुलिस को दी और प्रोफेसर की रिकॉर्डिंग, चैटिंग आदि सब दिखाई। शनिवार को इस मामले ने जब तूल पकड़ा जब कुछ शिक्षकों व समाजसेवियों ने छात्रा को प्रोफेसर की हरकत से बचाने का बीड़ा उठाया, जिसमें जाट महासभा अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, पत्रकार विकास बालियान आदि छात्रा के साथ प्रोफेसर का तमाशा निकालने के लिए पहुंचे और प्रोफेसर द्वारा की गयी सारी हरकतों का खुलासा कर दिया। कॉलेज के प्राचार्य केपी सिंह के सामने धर्मवीर बालियान व विकास बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से कभी प्रयोगात्मक परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर तो कभी अश्लील हरकतें करने की बात बताई। प्राचार्य को व्हाट्सअप चैट भी दिखाई गयी और स्वयं छात्रा ने बताया कि लगातार प्रोफेसर वीडियो कॉल करके छात्राओं से कपड़े उतारने का दबाव बनाता था। कॉलेज में मौजूद छात्रसभा के छात्रों को इन सब बातों की जानकारी पहले से ही थी मगर कोई भी आवाज उठाने से डर रहा था। उक्त मामले ने जब तूल पकड़ा तो प्रोफेसर को कॉलेज परिसर से बुलाकर पुलिस ने हिरासत में ले लिया और इसके बाद आरोपी प्रोफेसर दुष्यंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी। प्रोफेसर के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और हाथोंहाथ प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया।




## प्रोफेसर की गंदी हरकतों ने गुरु-शिष्य परम्परा को किया दागदार

**मुजफ्फरनगर।** बचपन से जो शिक्षा प्राइमरी स्कूलों से मिलनी शुरू होती है, आज प्रोफेसर ने उस गरिमा को भी पूरी तरह तार-तार कर दिया। एक ओर जहां शिक्षा के मंदिरों में गुरू को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है, आज प्रोफेसर दुष्यंत कुमार की गंदी हरकतों ने इस बात को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अब गुरू को क्या दर्जा दिया जाये। अभिभावक अपने बच्चों को निडर होकर स्कूल, कॉलेजों में भेजते हैं कि गुरू भी एक अभिभावक की तरह ही उनके बच्चों को महफूज रखेगा मगर जब अमानत में खयानत होने लगे तो सारे रिश्ते और विश्वास को एक गंदा शख्स ही शक के दायरे में लाकर खड़ा कर देता है। इस घटना के बाद अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षकों के पास भेजते हुए सौ तरह की बातें दिल में लाएंगे, बेशक मजबूर होकर अभिभावकों को शिक्षकों के पास भेजना पड़े मगर ऐसे शिक्षकों की वजह से अन्य शरीफ शिक्षकों को भी टेढ़ी निगाह से ही देखा जाएगा। आमजन का सोशल मीडिया के जरिए कहना है कि जांच के बाद ऐसे शिक्षक को बड़ी से बड़ी सजा होनी चाहिए, जिसने गुरू-शिष्य परम्परा को पूरी तरह तार-तार किया है और सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।











## धारदार हथियारों के बल पर हजारों की नकदी व मोबाइल लूट

**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** जैसा कि लगातार प्रतीत हो रहा है कि मुजफ्फरनगर जनपद में पिछले एक वर्ष से बदमाश निरंकुश हो रहे हैं। अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए बदमाश न पुलिस के खौफ से डरते और न ही सरकार का खौफ अब मुजफ्फरनगर के बदमाशों में दिखाई देता। सच बात तो यह है कि सैकड़ों मुठभेड़ करने के बाद भी बदमाशों के हौसले पूरी तरह से बुलंद हैं।

इसी क्रम में छपार थाना क्षेत्र के बरला-बसेड़ा मार्ग पर दिन निकलते ही पुरकाजी थाना क्षेत्र के निवासी असलम से उस समय धारदार हथियारों के बल पर हजारों की नकदी व मोबाइल की लूट की गयी जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर बरला जा रहा था। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने सुबह 8 बजे ही बसेड़ा मार्ग के मांडला कट के पास लूट को अंजाम दिया। असलम के अनुसार उक्त बदमाश वैगनआर कार में सवार थे और इन बदमाशों ने लूट करने के लिए जान बूझकर असलम की बाइक में जोरदार टक्कर मारी, जिससे वह बाइक सहित सड़क पर जा गिरा। उसके बाद बदमाशों ने असलम की जेब में मौजूद पांच हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। इसी बीच फिल्मी स्टाइम में पीछे से आ रहे दो अलग-अलग बाइक सवारों को भी बदमाशों ने हथियारों के बल पर रोक लिया। बदमाशों द्वारा बसेड़ा निवासी पोपीन से मोबाइल व 1200 रुपए व ताजपुर निवासी रामकुमार से मोबाइल व 700 रुपए की लूट की। बदमाशों ने बाइक सवारों से जबरदस्त मारपीट भी की। घटना को अंजाम देने के बाद वैगनआर कार सवार बदमाश बरला चौराहे से होते हुए पुरकाजी की ओर फरार हो गए। जिसकी सूचना पीड़ितों द्वारा बरला चौकी पर पहुंचकर दी गयी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की तलाश कर दी, मगर देर रात तक पुलिस के हाथ पल्ले कुछ नहीं लग पाया। पुलिस ने असलम निवासी नंगला दुहेली की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। यह भी बताया गया कि घटना में पीड़ित पोपीन के पिता राजेन्द्र से भी दस दिन पहले इसी तरह से लूट की गयी थी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

### बसेड़ा में लूट के बाद महिला से पर्स लूट

**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** छपार में बरला-बसेड़ा मार्ग पर लूट की घटना को अंजाम देने के बाद लूट का सिलसिला यहीं नहीं रुका। दोपहर तक सूचना थी कि बदमाशों ने इसके बाद पुरकाजी पुरकाजी थाना क्षेत्र में एक महिला से पर्स की लूट की। बदमाशों ने पुलिस को खुलासा चैलेंज देते हुए पुरकाजी थाना क्षेत्र के सोनाटा फाइनेंस कम्पनी में कार्यरत कु. शिखा निवासी सिमरथी से पुरकाजी गोयल पेंट वालों की दुकान के सामने ही पर्स लूट की घटना को अंजाम दे डाला। शिखा यहां स्कूटी रोककर अपना दुपट्टा ठीक कर रही थी। लूट के बाद शिखा ने बताया कि बदमाश उसका पर्स लूटकर भाग गए हैं। पर्स में 5200 रुपए, मोबाइल, आधार कार्ड व पैन कार्ड मौजूद था। शिखा से लूट की घटना कैमरे में कैद है। पुलिस ने शिखा की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मासूम को चीज देने के बहाने दुकान में बुलाकर कुकर्म

**चरथावल, 24 मई (बु.)।** क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से लौट रहे एक मासूम छात्र को चीज देने के बहाने दुकान में बुलाकर उसके साथ कुकर्म किया गया और उसको किसी को न बताने की धमकी दी। मासूम छात्र रोता-बिलखता घर पंहुचा और आपबीती बताई। पीड़ित छात्र को लेकर उसकी माँ थाने पहुंची और थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मासूम को मेडिकल के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। चरथावल थाना क्षेत्र में एक मासूम छात्र के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है, जहां स्कूल से लौट रहे एक मासूम छात्र को चीज देने के बहाने दुकान में बुलाकर उसके साथ कुकर्म कर दिया और उसको किसी को न बताने की धमकी दी। मासूम छात्र रोता बिलखता घर पंहुचा और आपबीती अपनी माँ को रोकर



सुनाई, जिस पर उसकी माँ आरोपी दुकानदार के यहां पहुंची, लेकिन वो अपनी दुकान से फरार मिला, जिसके बाद पीड़ित छात्र को लेकर उसकी माँ थाने पहुंची और थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़ित छात्र की माँ की तहरीर लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी दुकानदार की तलाश में टीम लगा दी है।

## पेड़ से लटका मिला 13 साल का बच्चा, हत्या की आशंका

**चरथावल, 24 मई (बु.)।** थाना चरथावल क्षेत्र के रोहिणीपुर गांव में 13 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कुछ स्थानीय लड़कों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना 23 मई 2025 की बताई जा रही है। मृतक आदित्य पंवार रोज की तरह अपने कुछ दोस्तों के साथ खेलने निकला था। देर शाम जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। थोड़ी देर बाद गांव के बाहर एक पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। यह दृश्य देख परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता विजय पंवार ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी पत्नी ने आदित्य के साथ खेलने वाले बच्चों से पूछताछ की। इसमें एक बच्चे ने धमकी भरे लहजे में कहा, मैं उसे मार दूंगा। इसके बाद एक अन्य लड़के ने एक लड़के का नाम सूरज बताया और कहा कि सूरज भी उस वक्त मौजूद था, जब सूरज से पूछा गया तो उसने बताया कि उसने आदित्य को पेड़ से लटकते हुए अपनी आंखों से देखा। हालांकि, सूरज ने यह नहीं बताया कि आदित्य खुद फांसी पर लटका या उसे किसी ने लटकाया। विजय पंवार ने संदेह जताया है कि उनके बेटे की आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या की गई है और कुछ लड़कों ने साजिशन इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायत पत्र दिनांक 24 मई 2025 को दिया गया, जिसमें साफ लिखा है कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु त्वरित व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है।

### बुढ़ाना मोड़ के जंगल में मिला अज्ञात शव, जेब से सिम कार्ड बरामद

**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़ाना मोड़ स्थित जंगल में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शव के पास से एक चश्मा और एक एयरटेल कंपनी का सिम कार्ड बरामद हुआ है, जिसे पहचान के सुराग के तौर पर सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया है और आसपास के थानों से गुमशुदगी की रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। चिकित्सकों ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को मृत घोषित किया। फिलहाल मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग इसे हत्या का मामला मान रहे हैं, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।



## किसान का गोली लगा शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**पुरकाजी, 24 मई (बु.)।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव नूरनगर में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब 43 वर्षीय किसान रविंद्र पुत्र सतपाल का शव खेत में गोली लगने से खून से लथपथ मिला। रविंद्र के सीने में गोली लगी थी और मौके से एक तमंचा भी बरामद हुआ है, जिससे मामला हत्या और आत्महत्या के बीच उलझा हुआ है। जानकारी के अनुसार, रविंद्र सुबह करीब 7 बजे अपने खेतों की ओर गया था। खेतों में काम कर रहे मजदूरों से बातचीत के बाद वह पास के गन्ने के खेत में पॉपुलर के पेड़ों वाले खेत की तरफ गया। थोड़ी देर बाद मजदूरों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जब वे घटनास्थल पहुंचे, तो रविंद्र जमीन पर खून से लथपथ पड़ा मिला। मजदूरों ने तुरंत गांव को सूचित किया, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। गांव वालों ने बताया कि रविंद्र की न तो किसी से कोई रंजिश थी और न परिवार में कोई विवाद था, इसलिए यह स्पष्ट नहीं



हो पा रहा है कि यह आत्महत्या है या हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश। मृतक के भाई नरेंद्र ने भी पुलिस को सूचना दी कि मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। अधिकारी बता रहे हैं कि परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चलेगा।

## सावधान : तिरुपति फ्यूल एण्ड गैस स्टेशन पर बैठे हैं बेईमान

**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** आज दिनांक 24 मई 2025 को दिन शनिवार को शान्तिनगर निवासी कमल कान्त शर्मा प्रातः अपने घर से अपने आफिस जाने के लिए निकले। रास्ते में जौली रोड बाईपास पर पड़ने वाले इंडियन ऑयल पैट्रोल पम्प तिरुपति फ्यूल एंड गैस स्टेशन पर उन्होंने

### बिना जीरो सेट किये दिया जा रहा पेट्रोल

अपनी बाइक में तेल डलवाने के लिए पैट्रोल पम्प पर कार्यरत कर्मचारी को 502 रुपये दिये और तेल डालने के लिए कहा, जब कर्मचारी ने तेल डालना शुरू किया, तो कमलकांत शर्मा ने कहा कि भाई साहब पम्प की मशीन में जीरो नहीं हुआ है और यह एक दम से 116 से प्रारम्भ हुआ है। इस पर पहले तो कर्मचारी नहीं माना फिर बोला आप हमारा कम्प्यूटर चैक कर लें, आपकी समस्या का समाधान हो जायेगा। इसी बीच पैट्रोल पम्प स्वामी का पुत्र भी आया और



उसने अपने कर्मचारी से मामले की जानकारी ली। उसने भी कहा कि आप हमारा कम्प्यूटर चैक कर लें, आपकी समस्या का समाधान हो जायेगा। इसी बीच पैट्रोल पम्प स्वामी अपने कक्ष से आये और अभद्रता करते हुए बोले हमारी मशीन ठीक है, हम आपको अपना कम्प्यूटर चैक नहीं करायेंगे। और अगर ज्यादा शोर मचाया तो तुम्हे पकड़कर बैठा लेंगे और पुलिस को कहेंगे कि तुम पैट्रोल पम्प लूटने आये थे, क्योंकि कमलकांत शर्मा को अपने ऑफिस भी जाना था तो वह अपना नुकसान होने के बाद भी चुपचाप से वहां से आफिस चले गये। आफिस से शाम को आने के बाद उक्त जानकारी कमलकांत शर्मा ने बुलेटिन कार्यालय को दी और बताया कि किस प्रकार पैट्रोल पम्प कर्मी बदमाशी व हठधर्मिता कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राहक अपना नुकसान भी कराये और धमकी भी सुने। उन्होंने बुलेटिन के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों से गुहार लगाई है कि उक्त समस्या का समाधान हो, आज तो यह उनके साथ हुआ है, न जाने कितने ग्राहकों के साथ उक्त पैट्रोल पम्प पर इस तरह व्यवहार किया जाता होगा।

GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Estd. 1985
40 Years of Excellence
(Affiliated to CBSE, Affiliation No. 2130110)

ADMISSIONS OPEN 2025-26
In class XI Commerce & Science Streams (Medical & Non-Medical)
(Few Seats are available in Classes Play to VIII & IX)

*SCHOLARSHIP*
30 % for getting above 95% and
20% for getting 91% to 95 % in Class 10th in Tuition Fee

Prospectus are available in the school office between 7:00 a.m. and 2:30 p.m.

Summer Camp 26th May to 6th June, 2025 in Jr. Wing Campus

TEACHERS REQUIRED
(1) PGT (English)-1 (2) PGT (Physics)-1 (3) PGT (Physical Education)-2
(4) TGT (English)-1 (5) TGT (Maths)-1 (6) TGT (Social Science)-1
(7) Instructor for Atal Tinkering Lab-1 (8) PRT(Comp.)-1
Candidates having good subject knowledge and experience may apply latest by 29th May, 2025 on prescribed form available in Jr. & Sr. Wing Offices.

Jr. Wing: New Mandi, MZN. Ph. – 8899102141
Sr. Wing: Near Naveen Mandi Sthal, MZN. Ph. - 8899402549



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## विकसित राज्य से विकसित भारत

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। इस बार की बैठक का मुख्य विषय विकसित राज्य से विकसित भारत @2047 रखा गया है। बैठक में राज्यों से लंबी अवधि की योजनाएं तैयार करने की अपील की गई है, ताकि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जा सके। भारत विकसित हो इसके लिए आवश्यक है कि राज्य भी विकसित हों। सीधी सी बात है गाँव खुशहाल होंगे, तो शहर खुशहाल होंगे, शहर खुशहाल होंगे, तो राज्य खुशहाल होंगे, राज्य खुशहाल होंगे, तो देश खुशहाल होगा, सरकार इसी सूत्र पर चल रही है। नीति आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस बैठक का उद्देश्य सभी राज्यों को साथ लेकर टीम इंडिया की भावना से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना है। प्रधानमन्त्री की यह पहल देश के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्यों के सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस बैठक में प्रधानमन्त्री ने कहा कि हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है, जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुसार हर मुख्यमन्त्री को अपने राज्य में कम से कम एक टूरिस्ट प्लेस विकसित करना चाहिए। भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। डेवलेपमेंट, मॉडर्नाईजेशन और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बताया। इसके अलावा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्य किस तरह आधारशिला बन सकते हैं, यह भी बताया गया। बैठक में उद्यमिता, कौशल और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक में हिस्सा लेने वाले मुख्यमंत्रियों में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम के स्टालिन, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, उत्तराखंड के पुष्कर धामी, आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू, ओडिशा के मोहन मांझी, पंजाब के भगवंत मान, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुईं और कोई प्रतिनिधि भी नहीं भेजा। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया मैसूरु दौरे में व्यस्त होने की वजह से नहीं पहुंचे, हालांकि उन्होंने अपना लिखित बयान भेजा है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया और वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल को भेजा। नीति आयोग की बैठक में कुछ मुख्यमंत्रियों का न आना राजनीति के बिगड़े रूप की ओर इशारा करता है, जबकि कुछ गैर भाजपाई मुख्यमंत्रियों का आना राजनीति के अच्छे रूप को भी प्रस्तुत करता है। सभी नेताओं को, चाहे वें किसी भी दल के हों उन्हें देश ही के लिए सोचना चाहिए। अभी ऑपरेशन सिंदूर के आरम्भ के समय जिस तरह सभी दल देश ही के लिए चिंतन कर रहे थे, वही चिंतन विकसित भारत के लिए भी होना चाहिए, लेकिन खेद का विषय है कि कुछ राजनैतिक दल ऑपरेशन सिंदूर के हफ़्ते भर बाद ही अपने पुराने ढर्रे पर लौट आए, यानी प्रधानमन्त्री मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे। सोशल मीडिया इस तरह के नेताओं पर धिक्कार से भरा पड़ा है। इन दिनों राजनीति के दो रूप देखने को मिल रहे हैं, एक तरफ देश हित वाली राजनीति है, तो एक तरफ निचले दर्जे की राजनीति है। एक तरफ विकसित राज्य और विकसित देश की बातें हो रही हैं, तो दूसरी तरफ नेता एक दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं, अंट शंट बयान दे रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने 'आपरेशन सिंदूर' को राजनैतिक स्टंट बताते हुए कहा था कि इसमें कोई भी आतंकवादी नहीं मारा गया। स्वामी प्रसाद के इस बयान से न केवल भारतीय सेना एवं सुरक्षाबलों को ठेस पहुंची है, बल्कि देश का राष्ट्रवादी नागरिक भी आहत हुआ है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस आपत्तिजनक बयान को लेकर राष्ट्रवादी हिंदू शक्ति वाहिनी ने वाराणसी कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान देश की सुरक्षा व्यवस्था पर कुठाराघात है। यह बयान, भ्रामक, तथ्यहीन, राष्ट्र विरोधी तथा सामाजिक सौहार्द को भंग करने की मंशा के साथ ही शत्रु देश पाकिस्तान में सुर्खियां बटोरने और भारतीय सेना का मखौल उड़ाने वाला है। स्वामी प्रसाद मौर्य को भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने भी जवाब दिया है। गोंडा में बृजभूषण सिंह ने कहा, स्वामी प्रसाद को भौंकने दीजिए। इससे पहले भी बहुत भौंके हैं। राहुल गांधी के विदेश नीति और राफेल पर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए बृजभूषण ने कहा कि उनकी बौद्धिक क्षमता पर तरस आता है। राहुल प्रधानमन्त्री मोदी को प्रधानमन्त्री नहीं मानते, उनको लगता है कि प्रधानमन्त्री पद उनके घर का पेटेंट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ऑपरेशन सिंदूर को एक छुट-पुट युद्ध बताया था। उनके इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। बीजेपी नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि अगर मल्लिकार्जुन खड़गे आप में हिम्मत है, तो आप राहुल गांधी से जाकर बोलिए कि यूनिफॉर्म पहन कर जाकर बॉर्डर पर जंग लड़े, तब समझ में आ जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे आपसे पूछना चाहती हूं कि 26/11 में हमारे 160 लोगों की हत्या कर दी गई थी, तब कांग्रेस सरकार ने क्या किया था। आप क्या पाकिस्तान के होकर काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर समाप्तवादी पार्टी कहा कि केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है। अखिलेश यादव के प्रदेश की कानून व्यवस्था के सवाल पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि शीशे के घर में जो रहते है, रहे हैं, उनको सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। चुस्त-दुरुस्त कानून-व्यवस्था है। अखिलेश यादव को 2022 की तरह 2027 को लेकर मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाई दे रहे है, जब आंख खुलेगी तो उन्हें पता चलेगा कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी हो गई है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"दुर्योधन" "कहनी" "गब्बर" "किरदार"

है रामायण में रावण भी,महाभारत में दुर्योधन,
नयी फिल्में नये गुन्डे, तो गब्बर है पुरानी में।
कहनी बढ़ नहीं सकती, कभी इनके बिना 'उत्सव',
बुरे किरदार भी कितने जरूरी हैं कहानी में।

# प्रबुद्ध मंच के बैनर कार्यक्रम में मैक्स के डॉ. संयम जैन ने गर्दन, स्पाईन और कमर दर्द से बचने के बताए उपाय और निदान

### - नियमित योग व व्यायाम से आप लम्बे समय तक अपने को रख सकते हैं दुरुस्त : अंकुर दुआ







**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बुस.)।** प्रबुद्ध जन-मंच द्वारा मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज के सहयोग से एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें स्पाइन सर्जन डॉ. संयम जैन ने गर्दन,स्पाइन और कमर दर्द होने के कारण और उपचार पर विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह भ्रम है कि स्पाइन से जुड़े रोगों में ज्यादातर ऑपरेशन की आवश्यकता होती है, जबकि 90% से अधिक रोगी सिर्फ दवाई व्यायाम और सही पोस्चर से ठीक हो जाते हैं। यदि हम अपने उठने-बैठने के पोस्चर सही रखें एवं नियमित व्यायाम करें, तो इस प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है। यदि शुरू में ही उचित डॉक्टर की सलाह लें, तो सिर्फ व्यायाम द्वारा ही जल्द से जल्द मरीज ठीक हो सकता है। दूसरे वक्ता डॉ. सोमिल जैन ने बढ़ती उम्र में स्वस्थ जीवन कैसे जिएं, इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अनेक रोगियों को व्यक्तिगत रूप से देखकर परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुर दुआ एवं श्रीमती पूजा दुआ, संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन रहे। उद्यमी सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि आजकल जिस प्रकार नई-नई बीमारियां आ रही है। इस प्रकार की परिचर्चा से लोगों को जागरूक होने में मदद मिलेगी। प्रबुद्ध जनमंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने कहा कि हम इस बात पर विश्वास करते है कि जानकारी ही बचाव है, यदि समय रहते हम सचेत रहें, तो गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने कहा कि यदि नियमित रूप से व्यायाम करें और खान-पान सही रखें, तो किसी भी प्रकार की कोई बीमारी पास नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि इतनी व्यस्तता के बावजूद मैं रोज सुबह 3 किलोमीटर पैदल चलता हूं। संस्था के सचिव पवन गोयल ने कहा कि हम समाज सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में नगर की जरूरत के अनुरूप कार्य करते रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक, अतुल अग्रवाल, अवनीश मोहन तायल, अनुराधा वर्मा रहे। इस कार्यक्रम के सूत्रधार कोषाध्यक्ष विनय सिंघल रहे। कार्यक्रम में पंकज जैन गांधी टेंट, कौशल अग्रवाल, डॉ. विवेक कुमार, एडवोकेट तुषार गुप्ता, ममता अग्रवाल, रीना अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। सभा में मुख्य रूप से लोकेश चंद्रा, नवीन सिंघल, विश्व दीप गोयल, प्रमोद मित्तल, सुनील अग्रवाल, संजीव कमल, टोनी बिंदल, नरेश शर्मा, हर्षवर्धन जैन, वैभव जैन,रूपांकर गुप्ता, शिशुकांत गर्ग, पंकज बंसल, अजय अग्रवाल, अशोक सिंघल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खत्री वैवाहिक ग्रुप द्वारा जल सेवा आरंभ



**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बुस.)।** भीषण गर्मी में आम जनता को राहत देने हेतु खत्री वैवाहिक ग्रुप द्वारा सहारनपुर मंडल खत्री सभा व गाजियाबाद मंडल खत्री सभा के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर ठंडे जल की व्यवस्था की गई है। शामली रोड पर बल्लम सिंह एंड संस, भगत सिंह रोड पर सतीश मेडिकल एजेंसी, कच्ची सड़क पर मदन ड्राईक्लीन, शामली में आशु बत्रा द्वारा निरंतर ठंडे जल की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में आज गांधी कॉलोनी में सभासद अमित पटपटिया के प्रतिष्ठान श्रीमोहन मेडिकल स्टोर, मेन रोड पर भी ठंडे जल की सेवा आरंभ की गई, जो जून माह तक निरंतर रहेगी। खत्री वैवाहिक ग्रुप के मुख्य संस्थापक विपिन अरोरा द्वारा बताया कि खत्री वैवाहिक ग्रुप विवाह योग्य युवक युवतियों के रिश्तों में निःशुल्क सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम संयोजक अजय अनेजा द्वारा उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया गया। जल सेवा आरंभ में आनंद गोपाल कपूर, सुभाष चंद्र अरोरा, सतीश अनेजा, एडवोकेट, अमित पटपटिया सभासद गांधी कॉलोनी, सुशील कपूर (कमल बुक), बलदेव राज चावला, प्रवीण अरोरा, अक्षत, विनोद छाबड़ा, गुलशन बाटला आदि उपस्थित रहे।

## केवलपुरी मंदिर में किया गया अहिल्याबाई जीवन दर्शन प्रदर्शनी का आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बु.)।** भाजपा द्वारा देवी आहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी उत्सव पर शनिवार को जीवन दर्शन प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कच्ची सड़क स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में शनिवार को भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत जीवन दर्शन प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते हुए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके धर्म की रक्षा के प्रति किए कार्यों को याद किया। गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने अहिल्याबाई द्वारा की गई समाज की सेवा, न्यायप्रियता एवं प्रशासनिक दक्षता से परिपूर्ण उनके जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान नारी व रानी हैं, जिन्होंने एक साधारण किसान परिवार से निकलकर न केवल मालवा राज्य को सुशासित किया, बल्कि सम्पूर्ण भारत में मंदिरों, धर्मशाला, घाटों व कुंओं का निर्माण कर आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना को भी जाग्रत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने की। इस दौरान मुख्य रूप से अभियान के जिला संयोजक डॉ. देशबन्धु तोमर, प्रदर्शनी संयोजक संजय गर्ग, मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, नन्दकिशोर पाल, प्रवीण खेडा और अमित शास्त्री के अलावा पूर्व विधायक अशोक कंसल, ममता अग्रवाल, रोहताश पाल, सभासद कुसुमलता पाल, रवि कांत शर्मा, रजत धीमान, अर्जुन प्रजापति, हनी पाल, राजेश पाराशर, शरद शर्मा, पवन अरोरा, पंकज माहेश्वरी, साधना सिंघल, विशाल गर्ग, सुनील तायल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शाहपुर में तहसीलदार ने किया सरकारी गौशाला का औचक निरीक्षण

### - बेहतरीन व्यवस्था की मुक्त कंठ से प्रशंसा की - चेयरमैन अकरम कुरैशी, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार की मेहनत रंग लाई



**शाहपुर, 24 मई (बु.)।** कस्बे में स्थित नगर पंचायत की कान्हा पशु आश्रय स्थल गौशाला का तहसीलदार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गर्मी की मौसम में पशुओं की विशेष देखभाल करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत शाहपुर के कान्हा पशु आश्रय स्थल (सरकारी गौशाला) के निरीक्षण के लिए पहुंचे तहसीलदार बुढ़ाना ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा। साथ में लेखपाल भी रहे मौजूद। कान्हा गौशाला की व्यवस्था देखकर तहसीलदार ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बेहतर व्यवस्था के लिए अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी एवं अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार, गौशाला अध्यक्ष सचिन संगल बधाई के पात्र है। इस दौरान केयरटेकर राजीव मेहरा एवं रत्न प्रजापति उपस्थित रहे। कस्बे में स्थित नगर पंचायत की कान्हा आश्रय पशु स्थल गौशाला का तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव ने आकस्मिक का निरीक्षण करते हुए गौशाला की सफाई व्यवस्था के अलावा गोवंश के लिए पानी, हरा चारे व भूसा आदि के बारे में जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं को जांचा। तहसीलदार ने गौशाला पर मौजूद कर्मचारी राजीव कुमार व रतन सिंह से गौशाला में मौजूद पशुओं के बारे में जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में गौशाला में 69 पशु मौजूद है। इस दौरान तहसीलदार ने पशु चिकित्सक वैभव सिंह आर्य से पशुओं के बारे में जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि गौशाला में मौजूद सभी पशु स्वस्थ हैं। तहसीलदार ने गौशाला की व्यवस्था देख नगर पंचायत की सराहना की। उन्होंने गौशाला की देखभाल कर रहे कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी पशुओं को सामान्य पानी उपलब्ध कराने के साथ गर्मी के मौसम में उनका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान पशु चिकित्सक व लेखपाल प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसएसके कान्वेन्ट स्कूल व देववाणी प्ले स्कूल में पूल एण्ड फ्रूट पार्टी का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बुस.)।** एसएसके कान्वेन्ट स्कूल एवं देववाणी प्ले स्कूल, गांधी कॉलोनी में प्ले से कक्षा तीन तक के शिशुओं ने विद्यालय भवन में विद्यालय द्वारा आयोजित समर कैम्प में प्रतिभाग किया। शिशु शारीरिक रूप से पूर्णतः पुष्ट रहे, इस हेतु आयोजित पूल पार्टी में शिशुओं द्वारा पूल में सामूहिक स्नान किया गया। संगीतमयी मनमोहक गीतों पर चल रहे सामूहिक स्नान ने इन नन्हें शिशुओं को इतना संगीतमयी किया कि प्रतिभागी शिशुओं का पूल से निकलने का मन ही नहीं हो रहा था। सामूहिक स्नान उपरांत शिशुओं द्वारा जिंगल बैल्स पर मनमोहक नृत्य कर आनन्द लिया गया। तदुपरांत विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा फ्रूट पार्टी हेतु शिशुओं को सामूहिक रूप से बैठाकर भिन्न-भिन्न फलों का सेवन कराया गया, इससे शिशुओं में आपसी स्नेह व सौहार्द के भाव उत्पन्न होते हैं। शिशुओं द्वारा विद्यालय के शिक्षकगणों के स्नेहपूर्ण मार्ग दर्शन में बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का आनन्द लेते हुए समर कैम्प का समापन किया गया।

## लगातार तीन दिन से हट रहे अतिक्रमण से गुलजार नजर आने लगा कस्बा चरथावल

**चरथावल, 24 मई (बु.)।** एसडीएम सदर निकिता शर्मा के कड़े रूख के चलते लगातार तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा एवं चालान काटने के साथ-साथ सामान जब्तीकरण की कार्रवाई भी की गई। एसडीएम सदर के प्रयास से जहां सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, वहीं चरथावल नगर भी अतिक्रमण हटते ही गुलजार नजर आने लगा है। चरथावल नगर में गुरुवार को शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। एसडीएम निकिता शर्मा के निर्देश पर राजस्व टीम, पुलिस बल, नगर पंचायत की टीम, जेसीबी और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ पूरे जोश से नेतृत्व किया। उन्होंने एक बार फिर चरथावल कस्बे की मुख्य सड़क के दोनों ओर बने अवैध ढांचों को ध्वस्त करवाया और कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करवाया। शनिवार की गई कार्रवाई में 16 लोगों के रूपये 7,600 के चालान काटे गए और अतिक्रमण के तहत आने वाला सामान जब्त कर लिया गया। नगर पंचायत की टीम ने एसडीएम के निर्देश पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीएम सदर के प्रयास से जहां सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, वहीं चरथावल नगर भी अतिक्रमण हटते ही गुलजार नजर आने लगा है। लगातार 3 दिन से चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में ऐसे अतिक्रमण को धवस्त कर दिया गया, जो लगभग 20 वर्षों से अवैध कब्जा था।


### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अनुज कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह आवारा हो गया है और मेरी कोई बात नहीं मानता है। वह मेरे साथ व परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता है। मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार से अपने सारे सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा अनुज कुमार को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से अनुज कुमार से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता या सरोकार नहीं रहेगा। यदि भविष्य में अनुज कुमार किसी से कोई लेन-देन करता है तो उसके लिए वो स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

रामपाल सिंह पुत्र चन्द्र सिंह
निवासी-24/77, कम्बलवाला बाग, कल्याणपुरी
तहसील-सदर, जिला- मुजफ्फरनगर





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।


सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


## फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के भवन में एमएसएमई योजनाओं पर जागरूकता बैठक का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 24 मई (बुस.)।** आज फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) योजनाओं पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग, सहारनपुर मंडल अंजू रानी रहीं, उनके साथ उपायुक्त उद्योग मुजफ्फरनगर जैस्मिन फौजदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में फेडरेशन के सदस्यों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकास से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। अंजू रानी ने बताया कि कैसे 10 एकड़ से अधिक भूमि पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने के लिए शासन की ओर से सहयोग मिलता है। उन्होंने फैसिलिटेशन काउंसिल की भी जानकारी दी, जिसके माध्यम से माइक्रो और स्मॉल उद्योगों को भुगतान विवादों के मामलों में मदद मिल सकती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, जनरेटर व लैब इक्विपमेंट पर सब्सिडी, नई यूनिट पर प्रोत्साहन, प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए सहायता आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला। मंच संचालन फेडरेशन के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष नीलकमल पुरी ने मुख्य अतिथियों का बुके और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, अंकित संगल, उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल, राकेश जैन, कोषाध्यक्ष आशीष बंसल, सह सचिव आशीष गर्ग, अरविंद गुप्ता, दीपक मित्तल, अशोक अग्रवाल, दीपक सिंघल, निपुण मित्तल, शारिक सुल्तान, सोम प्रकाश कुचल, राकेश ढींगरा, विपिन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। फेडरेशन का यह प्रयास एमएसएमई उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उद्योग क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।


।। ॐ शान्ति ।। **रस्म तेरहवीं व पगड़ी** ।। ॐ शान्ति ।।



आपको दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती मधुरानी सिंघल**

धर्मपत्नी श्री जनेश्वर लाल सिंघल जी (बाबरी वाले)
का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 14 मई, 2025 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म तेरहवीं व पगड़ी दिनांक 25 मई 2025, दिन रविवार को होनी सुनिश्चित हुई है।

हवन............................ प्रात: 8:00 बजे
ब्रह्मभोज.....................दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ................अपराह्न 2:00 बजे

स्थान: आशीर्वाद बैंकेट हॉल, लक्ष्मण विहार, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

**-: शोकाकुल परिवार:-**

रामनाथ सिंघल (देवर)
अरूण सिंघल (देवरानी)
सरस्वती-अशोक बिंदल (ननद-नंदोई)
नीरज-कुसुम सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
पंकज-मोनिका सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
मनोज-डिम्पल सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
संजीव-किरण सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
गौरव-प्रियम सिंघल (भतीजा-भतीजवधु)
सौरभ-प्राची सिंघल (भतीजा-भतीजवधु)
शगुन-साक्षी सिंघल (भतीजा-भतीजवधु)
रेनु-ब्रज भूषण बंसल (पुत्री-दामाद)
संगीता-अजय गुप्ता (पुत्री-दामाद)
अलका-संत कुमार गर्ग (पुत्री-दामाद)
दीपांशु-शोभना सिंघल (पौत्र-पौत्रवधु)
शिवम-गौरी सिंघल (पौत्र-पौत्रवधु)
सोनाली-अभिषेक तायल (पौत्री-दामाद)
राशि-गौरव अग्रवाल (पौत्री-दामाद)
अक्षित, पुलकित, वंशिका, विवान, मिष्टी, काव्या, आरव, शानवी, दर्श, युवान (पौत्र-पौत्री)
प्राणशी, श्रीवी (पड़पौत्री)

**एवं समस्त सिंघल परिवार**
M. 9837474549, 9837065559, 9837050921, 9837393917
कृपया पगड़ी लेकर ना आयें।



WE'RE HIRING
call center
Data entry
Call Center And Data Entry Executive.
Candidate Should Be Knowlege Of Ms Office. Interested Candidates Can Whatsapp Your CV On This Number
Contact No: 9520866571

आवश्यकता है
सीमेंट कार्य हेतु-
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव (मेल)
एकाउन्टेंट (मेल/फीमेल)
हेल्पर (ऑफिस वर्क के लिए)
Office:
BHATIA CEMENT
3A, New Mandi, Muzaffarnagar
M.9927085503,9027289905

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें
सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ
वर्ष बचायें
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No. : 0131-2615405, 2433717,
M. 9837640120, 9837108280
नोट : टीचर्स की आवश्यकता है



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक 344/E-Tender/P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक 24/05/2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 81 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 10/06/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 27/05/2025 की प्रात: 10:00 से दिनांक 10/06/25 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 11/06/2025 की प्रात: 10:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण) नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर।
अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर।
अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर।



## सूचना

अमर नायक स्वामी राहुल सिंह राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज शाहपुर मुजफ्फरनगर की प्रबंध समिति के गठन हेतु निर्वाचन कराये जाने के क्रम में नियुक्त मैं कैप्टन डॉ0 प्रवीण कुमार निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग कर निम्नलिखित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ। विद्यालय की साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आप विद्यालय की प्रबंध समिति के निर्वाचन में प्रतिभाग करने की कृपा करें।

कार्यक्रम

| क्र0 स0 | कार्यक्रम | दिनांक | दिन | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 02/06/2025 | सोमवार | प्रात: 10 बजे |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना | 02/06/2025 | सोमवार | प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक |
| 3 | अनन्तिम मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 02/06/2025 | सोमवार | दोपहर 12:00 बजे से 2.00 बजे तक |
| 4 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 02/06/2025 | सोमवार | अपराह्न 3.00 से 5.00 बजे तक |
| 5 | नाम निर्देशन प्रपत्र प्राप्त करना | 03/06/2025 | मंगलवार | प्रात: 10.00 बजे से 12:00 तक |
| 6 | नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना | 03/06/2025 | मंगलवार | दोपहर 12.00 बजे से 2.00 तक |
| 7 | नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण तथा उन पर आपत्ति प्राप्त करना | 03/06/2025 | मंगलवार | अपराह्न 3.00 बजे से 3.30 तक |
| 8 | नाम निर्देशन प्रपत्रों पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 03/06/2025 | मंगलवार | अपराह्न 3.30 बजे से 4.00 बजे तक |
| 9 | वैध नाम निर्देशन प्रपत्रों का प्रदर्शन | 03/06/2025 | मंगलवार | सायं 4.30 बजे से 5.00 बजे तक |
| 10 | नाम निर्देशन प्रपत्र वापिस लिया जाना | 05/06/2025 | बृहस्पतिवार | प्रात: 10.00 बजे से 12 बजे तक |
| 11 | चुनाव चिह्न का आवंटन | 05/06/2025 | बृहस्पतिवार | दोपहर 12.00 बजे से 4.00 बजे तक |
| 12 | अंतिम नाम निर्देशन प्रदर्शन | 05/06/2025 | बृहस्पतिवार | अपराह्न 04.00 बजे से 5.00 बजे तक |
| 13 | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 11/06/2025 | बुद्धवार | प्रात: 8.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक |
| 14 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 11/06/2025 | बुद्धवार | मतदान समाप्त होने के पश्चात घोषणा होने तक |

नोट:-
1. नामांकन प्रपत्र अभ्यर्थी को स्वयं प्राप्त करना होगा।
2. नाम निर्देशन प्रपत्र शुल्क 25/-(पच्चीस रू0) जमा करना होगा।
3. मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति 100/-(सौ0 रू0) प्रति मतदाता सूची जमा करना होगा।
4. मतदान के समय सभी सदस्यों को फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

कैप्टन डॉ0 प्रवीण कुमार
निर्वाचन अधिकारी
अमर नायक स्वामी राहुल सिंह,
राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज शाहपुर, मुजफ्फरनगर

